पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस-विज्ञप्ति

दिनांक- 10.03.2023

भा0द0वि0

हसनगंज-(चोरी)- दिनांक 10-03-2023 को थाना हसनगंज द्वारा बताया गया कि वादी श्री राहुल गंगवार पुत्र रामनरेश गंगवार निवासी- C171 निरालानगर थाना हसनगंज जनपद लखनऊ ने थाना हसनगंज पर सूचना दिया कि वादी दिनांक 09-03-2023 को सुबह अपने घर से वापस आया तो देखा कि घर की खिड़की टूटी थी। वादी ने अंदर जाकर देखा तो घर के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था, वादी ने अपने घर का सारा सामान चेक किया तो पाया कि सोने चांदी के आभूषण, नकदी पचीस हजार रुपये को अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर लिया गया था। **इस सूचना पर थाना हसनगंज पर मु0अ0सं0 39/2023 धारा 380 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना एस0आई0 श्री अनुराग द्विवेदी द्वारा की जा रही है।**

सुशान्त गोल्फ सिटी-(चोरी)- दिनांक 10-03-2023 को थाना सुशान्त गोल्फ सिटी द्वारा बताया गया कि वादी श्री शैलेन्द्र कुमार S/O स्व0 जगमोहन वर्मा मूलनिवासी ग्राम जवाहरगंज पो0 त्रिवेदीगंज थाना लोनी कटरा बाराबंकी हालपता पंडित दीन दयाल नगर सरसंवा अर्जुनगंज, लखनऊ ने थाना सुशान्त गोल्फ सिटी पर सूचना दिया कि वादी दिनांक 06-03-2023 को होली का छुट्टी पर वादी अपने गांव जवाहरगंज, बाराबंकी गए थे, वादी को दिनांक 08.03.2023 को पास में रह रहे रिश्तेदार ने फोन पर सूचना दिया कि वादी की छत का दरवाजा खुला हुआ है, इस सूचना पर वादी जब अपने घर वापस आया। वादी ने अपने घर के मेन दरवाजा खोल कर देखा कि घर के अन्दर का सारा सामान बिखरा पड़ा है और वादी के कमरे में रखी आलमारी से सोने चांदी के कीमती जेवरात, फूल के बर्तन व नकदी दो लाख रुपयों को अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर लिया गया है। **इस सूचना पर थाना सुशान्त गोल्फ सिटी पर मु0अ0सं0 135/2023 धारा 457/380 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना एस0आई0 श्री जितेन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा की जा रही है।**

दुबग्गा-(एक्सीडेन्ट)-दिनांक 10-03-2023 को थाना दुबग्गा द्वारा बताया गया कि पत्र वाहक श्री पवन कुमार ल तिवारी नियुक्ति उ0 रे0 थाना काकोरी जनपद लखनऊ ने थाना दुबग्गा पर एक डेथ मेमो इस आशय से दिया कि दिनांक 10-03-2023 समय करीब 06.00 बजे प्रातः को के0एम0-1084/30-28 गांव दशहरी थाना दुबग्गा के पास एक अज्ञात शव पड़ा है। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री धर्मेन्द्र सिंह मो0-6398630485 थाना दुबग्गा द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि दिनांक 10.03.2023 को प्रातः राम जीवन पुत्र स्व0 कुंवारे उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम दशहरी थाना दुबग्गा जनपद लखनऊ किसी काम से रेलवे ट्रैक की ओर गया था जहां काकोरी से लखनऊ की ओर आ रही एक अज्ञात ट्रेन द्वारा टक्कर लगने से राम जीवन उपरोक्त की मृत्यु हो गई। मृतक 4-5 वर्षों से अपनी पत्नी से अलग रह रहा था। मृतक मजदूरी करता था व शराब पीने का आदी था।